# पुनरावृत्ति कार्य पत्र-9

नाम ______ कक्षा ______

अनुक्रमांक ______ तिथि ______ शिक्षक/शिक्षिका के हस्ताक्षर

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 18**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर विकल्पों में से चुनिए।** **1 × 18 = 18**

1. वाक्य में प्रयुक्त शब्द कहलाते हैं–
   (क) वाक्य (ख) भाषा (ग) पद (घ) पदक्रम
2. 'शब्द' जिस वर्ग का सदस्य होता है–
   (क) 'पद' भी उसी वर्ग का सदस्य होता है। (ख) 'पद' उस वर्ग का सदस्य नहीं होता।
   (ग) 'वाक्य' भी उसी वर्ग का सदस्य होता है। (घ) 'वाक्य' उस वर्ग का सदस्य नहीं होता।
3. जब 'संज्ञा' अथवा 'नाम' विशेषता बताने का प्रकार्य करते हैं, तो उन्हें कहा जाता है–
   (क) सार्वनामिक विशेषण (ख) गुणवाचक विशेषण (ग) नामिक विशेषण (घ) संख्यावाचक विशेषण
4. 'क्रिया' जब 'संज्ञा पद' का कार्य करे, तो ऐसी संज्ञा को क्या कहा जाता है?
   (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) जातिवाचक संज्ञा (ग) भाववाचक संज्ञा (घ) क्रियार्थक संज्ञा
5. '<u>आशा</u> ने अपने भाई को राखी बाँधी।' रेखांकित का पद-परिचय है–
   (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक। (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।
   (ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्ता कारक। (घ) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।
6. '<u>पिता जी</u> ने हॉकर से समाचार-पत्र खरीदा।' रेखांकित का पद-परिचय है–
   (क) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक। (ख) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक।
   (ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक। (घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक।
7. '<u>आपने</u> मुझे क्यों बुलाया था?' रेखांकित का पद-परिचय है–
   (क) पुरुषवाचक, उत्तम पुरुष, एकवचन, कर्ता कारक। (ख) पुरुषवाचक, अन्य पुरुष, एकवचन, कर्ता कारक।
   (ग) पुरुषवाचक, मध्यम पुरुष, एकवचन, कर्ता कारक। (घ) पुरुषवाचक, मध्यम पुरुष, एकवचन, कर्म कारक।
8. 'आप <u>स्वयं</u> यह काम कर सकते हैं।' रेखांकित का पद-परिचय है–
   (क) निजवाचक सर्वनाम, बहुवचन, कर्ता कारक। (ख) निजवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक।
   (ग) पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक। (घ) पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन, कर्ता कारक।
9. '<u>छोटी</u> बच्ची ने इतनी सुंदर कविता पढ़ी।' रेखांकित का पद-परिचय है–
   (क) गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन। (ख) परिमाणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन।
   (ग) गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन। (घ) संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन।
10. 'कल <u>आपका</u> भाई मेरे घर आया था।' रेखांकित का पद-परिचय है–
   (क) व्यक्तिवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, 'भाई' की विशेषता बताने का प्रकार्य।
   (ख) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, 'भाई' विशेषण की विशेषता बताने का प्रकार्य।
   (ग) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन। (घ) इनमें से कोई नहीं।

11. 'बच्चों के द्वारा चित्र <u>बनाया गया</u>।' रेखांकित का पद-परिचय है–
(क) संयुक्त (सकर्मक क्रिया), भूतकाल, कर्मवाच्य, कर्मणि प्रयोग।
(ख) संयुक्त (अकर्मक क्रिया), भूतकाल, कर्मवाच्य, कर्मणि प्रयोग।
(ग) मिश्र क्रिया, भूतकाल, कर्मवाच्य, कर्मणि प्रयोग।
(घ) व्युत्पन्न अकर्मक क्रिया, भूतकाल, कर्मवाच्य।

12. 'पिता जी से नहीं <u>चला गया</u>।' रेखांकित का पद-परिचय है–
(क) व्युत्पन्न अकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य।
(ख) संयुक्त (सकर्मक क्रिया), सामान्य भूतकाल, भाववाच्य, भावे प्रयोग।
(ग) संयुक्त क्रिया, भूतकाल, भाववाच्य, भावे प्रयोग।
(घ) संयुक्त (अकर्मक क्रिया), सामान्य भूतकाल, भाववाच्य, भावे प्रयोग।

13. 'मैं <u>जल्दी से</u> घर पहुँचा।' रेखांकित का पद-परिचय है–
(क) मूल क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, 'पहुँचना' क्रिया की विशेषता बताने का प्रकार्य।
(ख) प्रकार्यात्मक क्रियाविशेषण, कालवाची, 'पहुँचना' क्रिया की विशेषता बताने का प्रकार्य।
(ग) मूल क्रियाविशेषण, कालवाचक, 'पहुँचना' क्रिया की विशेषता बताने का प्रकार्य।
(घ) इनमें से कोई नहीं।

14. 'मेरे' घर <u>के पास</u> एक विद्यालय है।' रेखांकित का पद-परिचय है–
(क) समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, 'घर' और 'विद्यालय' के बीच संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।
(ख) व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, 'घर' और 'विद्यालय' संज्ञाओं के बीच संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।
(ग) संबंधबोधक अव्यय, दो सर्वनामों के बीच संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।
(घ) संबंधबोधक अव्यय, 'घर' तथा 'विद्यालय' संज्ञाओं के बीच संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।

15. '<u>वाह</u>! भारतीय टीम जीत गई।' रेखांकित का पद-परिचय है–
(क) विस्यादिबोधक अव्यय, आश्चर्य प्रकट करने का भाव।
(ख) विस्मयादिबोधक अव्यय, हर्ष प्रकट करने का भाव।
(ग) विस्मयादिबोधक अव्यय, संबोधन प्रकट करने का भाव।
(घ) इनमें से कोई नहीं।

16. जो अव्यय शब्द किसी पद या पदबंध के बाद लगकर उसके अर्थ में विशेष प्रकार का बल ला देते हैं, कहलाते हैं–
(क) निपात (ख) पक्ष (ग) समुच्चयबोधक पक्ष (घ) विस्मयादिबोधक पक्ष

17. 'कमरे में <u>कोई</u> आदमी बैठा है।'–'कमरे में <u>कोई</u> बैठा है।'
दोनों वाक्यों के 'कोई' का सामान्य पद-परिचय होगा–
(क) पहला 'कोई' सार्वनामिक विशेषण दूसरा 'कोई' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
(ख) पहला 'कोई' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण दूसरा 'कोई' सार्वनामिक विशेषण
(ग) पहला 'कोई' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण दूसरा 'कोई' अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(घ) पहला 'कोई' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण दूसरा 'कोई' निश्चयवाचक सर्वनाम

18. '<u>जो</u> व्यक्ति यहाँ रुकना चाहे, रुक सकता है।'–'<u>जो</u> यहाँ रुकना चाहे, रुक सकता है।'
दोनों वाक्यों के 'जो' का सामान्य पद-परिचय होगा–
(क) पहला 'जो' निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण दूसरा 'जो' निश्चयवाचक सर्वनाम
(ख) पहला 'जो' संकेतवाची सर्वनाम दूसरा 'जो' संकेतवाची सार्वनामिक विशेषण
(ग) पहला 'जो' निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण और दूसरा 'जो' निश्चयवाचक सर्वनाम
(घ) पहला 'जो' संबंधवाची सार्वनामिक विशेषण तथा दूसरा 'जो' संबंधवाची सर्वनाम

# पुनरावृत्ति कार्य पत्र-10

| | | | |
|---|---|---|---|
| नाम | | कक्षा | |
| अनुक्रमांक | | तिथि | |

शिक्षक/शिक्षिका के हस्ताक्षर

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 16**

**रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए।** **1 × 16 = 16**

1. वह पत्नी के लिए <u>साड़ी</u> लाया।

..................................................................................................................................

2. आज की खबर है कि <u>सोना</u> सस्ता हो गया।

..................................................................................................................................

3. आप <u>उसे</u> यहाँ बुलाइए।

..................................................................................................................................

4. पिता जी मोना को <u>कुछ</u> देना चाहते हैं।

..................................................................................................................................

5. मैं <u>अपने-आप</u> चला जाऊँगा।

..................................................................................................................................

6. मेरा <u>बड़ा</u> बेटा लंदन जा रहा है।

..................................................................................................................................

7. <u>आपकी</u> दुकान कहाँ है?

..................................................................................................................................

8. <u>चलती</u> गाड़ी से मत उतरना।

..................................................................................................................................

9. उस बेचारी की बात को क्यों <u>झुठला रहे हो</u>?

..................................................................................................................................

10. अब वह <u>चल-फिर सकती है</u>।

..................................................................................................................................

11. बच्चा मेरे पास <u>दौड़कर</u> आया।

..........................................................................................................................................

12. हम लोग <u>पैदल</u> जाएँगे।

..........................................................................................................................................

13. अर्णव <u>का</u> भाई बीमार है।

..........................................................................................................................................

14. आप चलिए <u>या</u> अपने भाई को भेज दीजिए।

..........................................................................................................................................

15. <u>छि:!</u> इतनी बदबू में मैं नहीं रुक सकता।

..........................................................................................................................................

16. उसे नौकरी <u>तो</u> चाहिए ही।

..........................................................................................................................................